हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 21 जून 2024
[ राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका ]

# KALINGA UNIVERSITY
RAIPUR | INDIA

NAAC Accredited
NIRF 2023: Ranked in Top 101-150 Universities | 50+ Acre Campus | World Class Infrastructure | 8000+ Students from 25+ Countries | Top Placements & Internships



## D.PHARMACY
## B.PHARMACY
## PHARM.D
## B.PHARMACY PRACTICE
## M.PHARMACY
(Pharmacology / Pharmaceutics / Pharmaceutical Chemistry)

**Approved by the Pharmacy Council of India**

## OTHER PROGRAMS

**ENGINEERING**
Diploma | B.Tech | M.Tech

**ARTS & HUMANITIES**
BA | BA (J&MC) | BSW
MA | MA (J&MC) | MSW

**DESIGN**
Bachelor of Fashion Design
Bachelor of Interior Design
Master of Fashion Design
Master of Interior Design

**COMMERCE**
B.Com. | B.Com Hons. with CA / CS / ICWA Coaching
B.Com. Hons. (Taxation & GST)
B.Com. Hons. (Banking & Finance)
M.Com. | M.Com. (Banking & Finance)

**LAW**
BA LLB | BBA LLB | LLB | LLM

**EDUCATION**
B.P.Ed. I MA.(P.Ed.)
B.Ed. | MA.Ed.

**SCIENCE**
B.Sc. - ZBC / PCM | B.Sc. / M.Sc. - (Biotechnology / Bioinformatics / Biochemistry / Microbiology )
M.Sc. - (Physics / Chemistry / Mathematics / Zoology /Botany)

**MANAGEMENT**
BBA | MBA

**LIBRARY SCIENCE**
B.Lib. | M.Lib.

**INFORMATION TECHNOLOGY**
DCA | PGDCA | BCA | MCA

**RESEARCH**
Ph.D.

**YOGA**
Diploma I B.Sc.
PG Diploma I M.Sc.

## NEW AGE PROGRAMS

B.TECH CS in **AI & ML**
In collaboration with IBM Innovation Centre for Education

B.DESIGN & M.DESIGN in **User Experience (UX)**

BA & MA in **Film Making**
In collaboration with

Master of **Data Science**

Bachelor / Master of CS in **AI & ML and Cyber Security**

Bachelor / Master in **Animation &VFX**

B.Sc. & M.Sc. in **Forensic Science**

## ADMISSIONS OPEN 2024-25!

### Career Opportunities:
- Clinical Pharmacist
- Pharmaceutical Research Scientist
- Regulatory Affairs Officer
- Pharmaceutical Sales Representative
- Hospital Pharmacist
- Community Pharmacist
- Pharmaceutical Consultant
- Drug Safety Specialist
- Quality Control/Quality Assurance Officer

### Why Choose Kalinga University?
- Well Designed CIF & Labs
- Experienced Faculty
- State-of-the-Art Facilities
- Industry-Relevant Curriculum
- Creative Environment
- 100% Career Opportunities
- Startup Opportunities

**Hostel & Transport facilities available on first come, first serve basis.**

**OUR TOP RECRUITERS**
Cipla | Mankind Serving Life | Glenmark A new way for a new world | Dr.Reddy's | Apollo Pharmacy | Biocon

And Many More....

**+91-9907252100**
www.kalingauniversity.ac.in admissions@kalingauniversity.ac.in

**Campus:** Kalinga University, Kotni, Near Mantralaya, Naya Raipur – 492101, Chhattisgarh
**City Office:** 1st Floor, SLT Water Front, Opp. Telibandha Talab, Raipur - 492001
**Bhilai Office:** 111, Khichariya Complex, Opp. Domino's Pizza, Near Hotel Grand Dhillon, Bhilai

Scan the QR code to register for our entrance examinations
**KALSEE/KAL-MAT**

## खबर संक्षेप



### भाजयुमो नेता अजय ने सांसद रूपकुमारी से मुलाकात की

**गरियाबंद।** महासमुंद लोकसभा क्षेत्र से निर्वाचित होने के बाद पहली बार गरियाबंद पहुंची महासमुंद लोकसभा की नवनिर्वाचित सांसद रूपकुमारी चौधरी का भाजपा युवा नेता अजय रोहरा ने स्थानीय सर्किट हाउस में सौजन्य मुलाकात कर जीत की शुभकामनाएं दी। साथ ही भाजपा का गमछा पहनाकर उनका आत्मीय स्वागत भी किया। इस अवसर बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

### चिंतन शिविर में विद्रोही ने रखी अपनी बात



**राजिम।** भारतीय किसान यूनियन द्वारा हरिद्वार में आयोजित राष्ट्रीय चिंतन शिविर में यूनियन के छत्तीसगढ़ प्रदेश महासचिव तेजराम विद्रोही शामिल हुए। उन्होने छत्तीसगढ़ की समस्याओं को मजबूती से रखा। बताया कि जितना महत्वपूर्ण किसानों को उनकी फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी का है उतना ही ज्यादा महत्वपूर्ण पर्यावरण संरक्षण का है। क्योंकि किसान खेती के लिए प्रकृति पर निर्भर है। सूखा, अतिवर्षा अथवा बेमौसम बारिश के कारण फसल को पहुंचने वाली नुकसान से किसान मानसिक, आर्थिक और पारिवारिक रूप से बुरी तरह टूट जाता है जिसे नाममात्र के मुआवजा राशि से पूरा नहीं किया जा सकता।

### खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री बघेल का दौरा आज

**महासमुंद।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री दयालदास बघेल 20 और 21 जून को महासमुंद के दौरे पर रहेंगे। खाद्य मंत्री बघेल 20 जून को रात्रि 8 बजे रायपुर से प्रस्थान करेंगे तथा 9 बजे महासमुंद पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे। मंत्री बघेल शुक्रवार 21 जून को प्रातः 7 बजे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। प्रातः 10 बजे खाद्य विभाग से संबंधित विभागीय निरीक्षण करेंगे। तत्पश्चात शाम 6 बजे रायपुर जिले के लिए प्रस्थान करेंगे।

### शहीद स्मारक में योग कार्यक्रम आज

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में 21 जून को योग दिवस का कार्यक्रम सुबह 5 बजे रखा गया है। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि भारत देश में विश्व योग दिवस हर साल 21 जून को मनाया जाता है। इसके चलते योग को विश्वस्तर पर पहचान मिल रही है, वहीं योग के जरिए सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा भी मिल रहा है।

## निधन

### शिवकुमार शर्मा



**राजिम।** श्यामनगर निवासी शिवकुमार शर्मा उम्र 80 वर्ष सेवानिवृत्त शिक्षक का निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में ग्रामीण व परिवार के लोग शामिल हुए। वे राजीव लोचन शर्मा के पिता थे।

## कूल्हाड़ीघांट, आमामोरा और ओढ़ में हॉर्नबिल (धनेश) की इन दिनों खूब चहचहाट

# हॉर्नबिल बच्चे पालने खुद को तीन महीने तक घोंसले में रखती है कैद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व क्षेत्र के ऊंची पहाड़ी वाले इलाके कूल्हाड़ीघांट, आमामोरा और ओढ़ में हॉर्नबिल (धनेश) की इन दिनों खूब चहचहाट सुनी जा रही है। इस पक्षी की भी गजब की कहानी है, जैसे इंसान अपने लिए घर खोजते हैं, वैसे ही हॉर्नबिल हॉर्नबिल (धनेश) पक्षी पेड़ की डालियों को खोदकर अपना घोंसला बनाते हैं। मादा हॉर्नबिल बच्चों को पालने के लिए करीब 3 महीन के लिए खुद को घोंसले में कैद कर लेती है। घोसले के मुहाने को मिट्टी की दीवार से बंद कर लेता हैं, कैद के दौरान एक खुला छेद रहता है ताकि उसे सांस और खाना मिल सके। नर हॉर्नबिल चोंच से खाना खिलाता है, जनवरी से अप्रैल माह तक इनका प्रजनन काल होता है। नोवा नेचर वलफेयर सोसाईटी के एम सुरज ने बताया कि हॉर्नबिल का स्थानीय नाम धनेश और वैज्ञानिक नाम बूसेरोस बिकोर्निस है। इसका पूरा नाम मालाबार पिएड हार्नबील है। ये एशिया, अफ्रीका, मलेशिया के अलावा भारत के पश्चिमी घाट यानी महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु में पाया जाता है।



### प्रजनन काल में शाकाहारी बन जाता है पक्षी

आमतौर पर हॉर्नबिल सर्वभक्षी पक्षी है, लेकिन प्रजनन काल में नर पक्षी, जंगली फल, आम, फूल, कलियां आदि का गूढ़ा भोजन के रूप में जुटाता है। ट्रैकरों के मुताबिक मादा नर से छोटा होता है, आसानी से उसकी पहचान हो जाती है। इनकी लंबाई 95.110 सेमी, वजन 2.4 किलोग्राम, पंख फैलाव 50 सेमी होता है।

### तीन महीने तक नर पक्षी करता है सेवा

ओढ़ और आमामोरा इलाके में वन विभाग के ट्रेकर द्वारा इनके दिनचर्या और व्यवहार पर नजर बनाए हुए हैं। ट्रेकरों ने बताया कि मादा घोंसले में एक या दो अंडे देती है। करीब 38 दिन बाद अंडे से चूजे निकलते हैं। बच्चे को उड़ने लायक बनने में 3 महीने का समय लग जाता है। तब तक नर घोंसले में भोजन पहुंचाता है। पक्षी के इसी प्रेम कहानी के चलते पक्षी प्रेमी फोटोग्राफर इसे देखने दूर-दूर से पहुंच रहे हैं।

इसकी मौजूदगी छत्तीसगढ़ के बस्तर में कुछ मात्र में हैं, पर इस अभ्यारण्य में कूल्हाडीघाट, अमामोरा ओढ़ की पहाड़ी में बडी संख्या में मौजूद हैं। अभ्यारण्य के इस इलाके की जलवायु और जैव विविधता पश्चिमी घाटियों जैसे है, इसी खासियत के वजह से इनकी उपस्थिति ज्यादा है। उन्होने बताया की अभ्यारण्य में उड़न गिलहरी, बड़ी गिलहरी भी पाई जाती है।

# मनरेगा से श्रमिकों को मिल रहा रोजगार



हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत जिले में श्रमिकों को रोजगार के अवसर उपलब्ध हो रहा है। इससे उनके जीवन स्तर में बदलाव भी आ रहा है। कलेक्टर श्री दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देश पर जिला पंचायत के सीईओ श्रीमती रीता यादव ने जिले में आवश्यकतानुसार श्रमिक मूलक कार्यो की स्वीकृति प्रदाय की है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 20 जून तक ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे कार्यो से श्रमिकों द्वारा 29 लाख 29 हजार 715 मानव दिवस सृजन किया गया। जिसमें जनपद पंचायत छुरा अंतर्गत 05 लाख 93 हजार 795, देवभोग में 07 लाख 21 हजार 231, फिंगेश्वर में 05 लाख 42 हजार 177, गरियाबंद में 03 लाख 59 हजार 745 एवं मैनपुर में 07 लाख 12 हजार 767 मानव दिवस का सृजन किया गया। जिससे मनरेगा के माध्यम से श्रमिकों की निर्भरता बढती जा रही है। तथा मनरेगा में श्रमिक बढ़-चढ़कर काम कर रहे हैं। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं मनरेगा के कार्यक्रम अधिकारी द्वारा इसका सतत रूप से मॉनिटरिंग कर रहे हैं। इस योजना से जुडे श्रमिक प्रतिदिन तालाब गहरीकरण, नया तालाब निर्माण, डबरी निर्माण, मिट्टी सडक, नहर सफाई के कार्यों सहित अन्य मजदूरी मूलक कार्यों में मेहनत करते हुए रोजगार प्राप्त करते हुए परिसंपत्तियो का निर्माण कर रहे हैं।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती रीता यादव ने बताया कि जिले में ग्रामीण श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने के साथ ही जल संरक्षण की दिशा में 75 अमृत सरोवर का निर्माण किया गया है। इस संबंध में वर्षा ऋतु के दौरान महात्मा गांधी नरेगा अन्तर्गत निर्धारित कार्यो की जारी सूची में से किये जाने योग्य कार्यो की प्राक्कलन तैयार करने के लिए तकनीकी सहायकों को निर्देशित किया गया है। ताकि वर्षा ऋतु के दौरान जरूरतमंद परिवारों को नरेगा अंतर्गत मांग के आधार पर पर्याप्त मात्रा में रोजगार उपलब्ध कराया जा सके एवं वर्षा ऋतु में भी संचालित हो सकें। उन्हांने विगत वर्षो के ऐसे अपूर्ण कार्य जिन्हें वर्षा ऋतु में कराया जाना संभव है, तो उन्हें प्राथमिकता से पूर्ण कराने के निर्देश जनपद पंचायतों के सीईओ को दिए। इस दौरान यह भी सुनिश्चित करने कहा गया कि जो कार्य वर्षा ऋतु के दौरान श्रमिकों के मांग के आधार पर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, आंगनबाड़ी भवन निर्माण, खाद्यान्न भंडारण भवन का निर्माण, बकरी शेड निर्माण, मुर्गी शेड निर्माण, पशु शेड निर्माण, सुअर शेड निर्माण, नाडेप कंपोस्ट सरंचना का निर्माण, वर्मी कम्पोस्ट संरचना का निर्माण मुक्तिधाम निर्माण, नर्सरी तैयार करना, वृक्षारोपण ब्लॉक, सड़क किनारे मनरेगा श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराकर स्थायी परिसंपत्ति का सृजन कर सकें।

# योग की शक्ति से मानव विकास संभव : अशोक

**राजिम।** नवदीप जनकल्याण सेवा समिति व राजिम नगर विकास मंच के अध्यक्ष अशोक मिश्रा ने कहा कि योग वह तत्त्व है, जो मनुष्य को महामानव एवं ऋषिस्तर की प्रज्ञा प्रदान करता है। जो उसके सुषुप्त संस्कारों को जगा अभिनव निर्माण की दिशा में उसे बढ़ाता है। योग का तत्त्व कहता है कि पहले अपनी आत्मसंपदा का ज्ञान प्राप्त करो, फिर संसार में अपनी आत्मा के अभिवर्द्धन का पथ प्रशस्त करो। योग की शक्ति से मानव-विकास संभव है तथा इस पथ पर हमें सामूहिक रूप से बढ़ना चाहिए। जब बच्चों की बात आती है तो इसे इस रूप में समझना चाहिए कि उनका चित्त स्वभाव से चंचल है, परंतु असाध्य नहीं। उसमें विलक्षण प्रतिभा भरी हुई है, अंतःकरण की शक्ति-संपदा का आलोक प्रत्येक बालक-बालिका में प्रस्फुटित होने योग्य होता है। यही योग की आधारशिला है एवं एक सुंदर, सफल एवं सर्वांगीण जीवन का आधार भी। बच्चों में कैसे आत्मप्रज्ञा एवं आत्मनियमन की कला का विकास हो, यही महत्त्व का विषय है। इसे करने के लिए जो आवश्यक है, वह है परिपूर्णता का वह विषय-बोध, जिसके द्वारा मनुष्य में देवत्व की संभावना को मुखरित रूप दिया जा सकता है। अंतःकरण की शक्ति-संपदा को उचित रूप से उद्घाटित करने में योग का तत्त्वदर्शन ही सहायक है तथा इस मार्ग में उन्नति करने के लिए चाहिए प्रचंड संकल्पशक्ति, जो कि आवश्यक मनोबल द्वारा विकसित की जा सकती है। इसके लिए यही पहले से अभ्यास डाला जाए, स्वयं को जागरूक किया जाए तथा अपनी संभावना को पहचाना जाए तो स्वल्प प्रयास में ही योगशक्ति जाग्रत हो सकती है। इसे ही कहते हैं योगाभिमान की प्राप्ति तथा चरित्र में जागरूकता एवं उज्ज्वलता के तत्त्व का समावेश। बच्चे इसे सीखें, इसके लिए उन्हें अभ्यास डाला जाए कि मानव जीवन का सच्चा मूल्य वासनाओं और व्यक्तित्व की प्रतिभाओं में अंतर करना ही है। इसे ही शक्ति की प्राप्ति तथा उसके सुसंयोजन एवं विकास का पथ कहेंगे। इसी के द्वारा मनुष्य में दैवी प्रतिभा का जागरण होता है तथा वह अपने विकास के पथ पर शीघ्र ही चलने लगता है।



पेज 13 का शेष...

### कार की ठोकर...

में पड़े डोमन लाल के शव को चिरघर भिजवाया। पुलिस द्वारा इस घटना के जानकारी मृतक के घरवालों को दी गई। सूचना पाकर घरवाले फिंगेश्वर थाना पहुंच गये। जांच, खोजबीन एवं कार्यवाही के चलते अंधेरा होने पर 20 जून को मृतक का पीएम नहीं किया जा सका। आज 21 जून को मृतक डोमनलाल ध्रुव का पीएम किया जावेगा। हादसे के बाद घटना स्थल पर राहगीरों की काफी भीड़ लग गई थी।

# मोबाइल फोन से सभी समस्याओं का होगा समाधान : रूपकुमारी

## मैनपुर पहुंची, सांसद रूपकुमारी का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया ऐतिहासिक स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर



महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद रूपकुमारी चौधरी गुरूवार को बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्रामों में आभार प्रदर्शन करने पहुंची। दोपहर 12 बजे झांखरपारा में आभार प्रदर्शन के बाद देवभोग, गोहरापदर होते हुए शाम 05 बजे मैनपुर पहुंचे, इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर फूलमाला से जोरदार स्वागत किया। विजय आभार रैली निकाली गई। बस स्टैण्ड मैनपुर से दुर्गा मंच तक पैदल रैली में शामिल होकर रूपकुमारी चौधरी ने नगर व क्षेत्र की जनता का आभार प्रदर्शन किया। दुर्गा मंच में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि क्षेत्र की जनता को कोई भी समस्या हो सीधा मुझसे मोबाईल फोन के माध्यम से सम्पर्क करें। लोकसभा का क्षेत्र काफी लंबा चौड़ा है फोन से ही जनता की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया जायेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश साहू ने कहा कि भाजपा सांसद रूपकुमारी चौधरी चुनाव में जनता के आशीर्वाद से 1 लाख 45 हजार से ज्यादा वोटों से विजय प्राप्त किया है यह सब क्षेत्र की मतदाताओं और भाजपा कार्यकर्ताओं के लगन और मेहनत के परिणाम है

भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंडित योगेश शर्मा ने कहा कि केन्द्र के साथ अब छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने से क्षेत्र के लोगों में विकास को लेकर काफी उम्मीद बंधी है। हमारे सांसद इस क्षेत्र के समस्याओं को सदन में उठायेंगे और निश्चित रूप से बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र का तेजी से विकास होगा। इस मौके पर प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश साहू, उपाध्यक्ष पंडित योगेश शर्मा, अनिल चन्द्राकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष दुलार सिन्हा, युवा मोर्चा अध्यक्ष महेश कश्यप, भाजपा के वरिष्ठ नेता नरोत्तम साहू, भाजपा कार्यसमिति के सदस्य नंदनी नेताम, सरिता ठाकुर, हरिनाथ यादव, बाबूलाल साहू, कुमारी बाई पटेल, महेन्द्र सोनी, घनश्याम मरकाम, मोहन कुशवाहा, रूपेश साहू, देवन नेताम, पुलस्त शर्मा, मनोहर बघेल, दिलीप साहू, नयन सिंह नेताम, कृष्ण कुमार नेताम, शिशुपाल नायक सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन तुलसी राठौन ने किया।


## कार्यालय जनपद पंचायत छुरा, जिला-गरियाबंद (छ.ग.)

Fax No 07701-266201 Email:janpadchhura@gmail.com

क्रमांक /590/ज.प./जलाशय लीज/ 2024-25 छुरा, दिनांक 19/06/2024

**// ईश्तहार //**

जनपद पंचायत छुरा, जिला-गरियाबंद (छ.ग.) अंतर्गत (1) कोठीगांव जलाशय, पुराना 38.00 हेक्ट. (2) बोईरडीह जलाशय, कनसिंघी 18.06 हेक्ट. (3) सरगी पिकअप वियर, पोंड़ 25.70 हेक्ट. (4) कनेसर जलाशय, 33.53 हेक्ट. (5) गोल्डानाला जलाशय, फुलझर 25.50 हेक्ट. को 10 वर्षीय पट्टे पर आबंटित किया जाना है जो भी ईच्छुक व्यक्ति जनपद पंचायत कार्यालय में उपस्थित होकर नियम व शर्तो का अवलोकन कर दिनांक 19.06.2024 से 05.07.2024 तक आवेदन जनपद कार्यालय छुरा में जमा कर सकते है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत - छुरा


## जिला जेल में बंदियों को दिया गया प्रशिक्षण

**महासमुंद।** 21 जून 2024 को लेकर विश्व योग दिवस को लेकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जिला जेल महासमुंद में 523 बंदियों और स्टॉफ को प्रशिक्षण दिया गया। इस वर्ष का थीम है, स्वयं और समाज के लिए योग, सेल्फ एंड सोसाइटी के पास जानकारी पहुंचे। कार्यक्रम के मुख्या डॉ पी कुदेशिया मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ बसंत माहेश्वरी संयुक्त संचालक एवं अस्पताल अधीक्षक, नीलू घृतलहरे डीपीएम एनएचएम एवं डॉ छत्रपाल चंद्राकर जिला नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य के समन्वय से जिला जेल महासमुंद में विश्व योग दिवस मनाया गया। योग से हमारा शारीरिक और मानसिक तनाव कम होता है। साथ ही मानसिक स्वास्थ्य के तनाव, डिप्रेशन, आत्महत्या, नशापान, स्वस्थ्य जीवन शैली, योग आदि के बारे में बंदियों को जागरूक किया गया।




तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 21 जून 2024



13 मनरेगा से श्रमिकों को मिल रहा रोजगार



14 कलेक्टर दीपक को प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र की...






प्रवेश प्रारंभ
BCA
PGDCA
DCA
B.P.Ed.
B.P.E.
PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर


## पानी की किल्लत : मनमानी के चलते एक सप्ताह बाद भी नहीं हो पाया पूरा काम

# कौंदकेरा में पेयजल आपूर्ति बाधित, ठेकेदार एक सप्ताह में पूरा करे काम, नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को शुद्ध पेयजल मिल सके इसके लिए केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों में पाइप लाइन का विस्तार कर पानी टंकी का निर्माण कराए जा रहे हैं। गरियाबंद जिला एवं विकासखण्ड फिंगेश्वर के सबसे बड़े ग्राम पंचायत कौंदकेरा में कार्य प्रारंभ 1 वर्ष बीत गए लेकिन नल कनेक्शन विस्तार कार्य नहीं हुआ है। इसके अलावा पानी टंकी निर्माण भी में भी गुणवत्ता को नजर अंदाज कर किया गया है। ठेकेदार और अधिकारी के प्रति ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। पानी की किल्लत से परेशान है। ऐसे में अधिकारियों की उदासीन रवैया के कारण न सिर्फ ठेकेदार के हौसले बुलंद है बल्कि ठेकेदार अपने मनमानी के चलते निर्माण कार्य का काम अधूरा करके छोड़ दिया है।

इधर निर्माण कार्य शुरू एक वर्ष से ज्यादा हो चुका है लेकिन अभी तक ठेकेदार सुनील गुप्ता द्वारा अभी तक काम पूरा नहीं किया गया। इस विषय पर संबंधित विभाग के द्वारा ठेकेदार को 27 जुलाई को एक सप्ताह के भीतर काम पूरा करने के लिखित निर्देश दिया गया था आज करीब 22 दिन पूरा होने जा रहा है ठेकेदार ने अभीतक किसी प्रकार अतापता नहीं है। सबंधित विभाग भी सिर्फ नोटिस जारी कर बिसलरी पानी और एसी कूलर में आराम फरमा रहे है अभी तक संबधित विभाग के अधिकारी और न ही कोई कर्मचारी निर्माण कार्य स्थल का ढंग से जायजा लेने नहीं पहुँचे हैं। जिसके कारण गुणवत्ता को दरकिनार कर पानी टंकी का निर्माण कर दिया गया है।

### पाइप की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीण असंतुष्ट

जल जीवन मिशन योजना के तहत अधिकांश गांवों में जो काम चल रहा है। ग्रामीणों ने कराए जा रहे निर्माण को न सिर्फ घटिया बताया कि बल्कि गुणवत्ताहीन कराने का आरोप लगाया है। पानी सप्लाई के लिए बन रहे पानी टंकी, नल कनेक्शन एवं पाईप के गुणवत्ता को लेकर अधिकांश गांव के लोग असंतुष्ट है।

### एक भी मोटर नहीं लगा

जल जीवन मिशन के ठेकेदार अभी तक हमारे गांव के काम पूरा नहीं किया है और पानी टंकी के पाइप भी फट गया है। अभी तक नहीं बना है, पानी बाहर बह रहा है। साथ ही अभी तक एक भी मोटर नहीं लगाए है ना बोर खनन हुआ है।

-गणेश डहरिया, सरपंच ग्राम पंचायत कौंदकेरा



### गुणवत्ताविहीन पानी टंकी का निर्माण

पानी टंकी में लगाये गए वर्टिकल पाइप 3 महीने में ही फट गया है, जिससे पानी का रिसाव लगातार हो रहा है। दूसरी ओर गांव के गलियों में अभी तक पाइप लाइन अभी तक अधूरा है। आश्रित ग्राम रामनगर में अभी तक पूरे के पूरे नल कनेक्शन अधूरा पड़ा हुआ है, कई जगह सीसी रोड को तोड़कर पाइप तो बिछा दिया गया है लेकिन सीसीरोड की ढलाई नहीं किया गया है, जिसके कारण दुर्घटना की आशंका हमेशा बना रहता है। यह सभी कार्य स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के माध्यम से ठेकेदारी प्रथा से सभी ग्राम पंचायतों में नल जल का पाइप लाइन एवं पानी टंकी प्लेटफार्म बनाने का कार्य किया जा रहा है, जिसके तहत सभी घर तक पीने के लिए शुद्ध पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।

## कार की ठोकर से बाइक सवार की मौत, दो घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

ग्राम सरगोड़ के पास महासमुंद की ओर से आ रही कार की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई है वहीं हादसे में बाइक सवार दो लोग घायल हो गए है। पुलिस ने शव को उठाकर पीएम के लिए चीरघर भिजवा दिया है। वहीं शव का आज पोष्टमार्टम होगा। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार दोपहर 2 बजे से 3 बजे के बीच महासमुंद की ओर से आ रही तेज रफतार में ट्रीगो आर कार क्रमांक सीजी 04 ईडी 2847 फिंगेश्वर की ओर से जा रही मोटर सायकिल को ठोकर मार दी। ठोकर लगते ही मोटर सायकिल कार के अगले पहिये मे फंस गई और कार चालक उसे घसीटता हुआ ले गया, जिसके चलते कार का अगला टायर चूर- चूर हो गया। बाइक बाद में निकल गया और कार चालक टूकड़े हुए टायर के चलते फिंगेश्वर थाना पहुंच कर आत्मसमर्पण कर दिया।



दूसरी ओर कार की ठोकर से बाइक सवार रजनकट्टा थाना पांडुका निवासी डोमनलाल पिता मानकर ध्रुव उम्र 42 साल का सर कुचला गया। जिसके चलते घटना स्थल में ही उसकी मौत हो गई। वहीं पर बाइक सवार रिखीराम विश्वकर्मा पिता पहलजीत विश्वकर्मा बुरी तहर से घायल हो गया। इसी पर बाइक में बैठे तीसरा सवार अज्ञात को अंदरूनी चोट लगने से बात करने की स्थिति में नहीं रहा। फिंगेश्वर पुलिस को सूचना मिलते ही थाना प्रभारी फैजल होदा शाह के निर्देश पर प्रधान आरक्षक दिलीप सिन्हा पुलिस बल के साथ घटना स्थल पहुंचकर घायलों को अस्पताल भिजवाया। वहीं पर सड़क ⏭ शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप



### हवा में उड़ा शेड, अंदर रखे सामन खराब

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर से 8 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत बोईरगांव पंचायत के बेहराडीह स्थित गौठान में ठोस एंव तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु सेड निर्माण किया गया था लेकिन घटिया निर्माण के चलते शेड़ का छप्पर हवा में उड गया और भीतर रखे सामग्री खराब हो रहे हैं, लेकिन इस ओर ग्राम पंचायत द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### विजय उत्सव एवं स्वागत समारोह कार्यक्रम आज

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम पंचायत अकलवारा के आश्रित ग्राम फिंगेश्वरी में शुक्रवार शाम 5 बजे भारतीय जनता पार्टी पोलिंग



बुथ एवं समस्त ग्रामवासी के तत्वाधान में विजय उत्सव एवं स्वागत समारोह कार्यक्रम शीतला मंदिर प्रांगण में आयोजन होगा। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत उद्बोधन शाम 5 बजे एवं रात्रि दस बजे छत्तीसगढ़ी लोककला मंच रंग सरोवर बारुका गरियाबंद की प्रस्तुति होगी। जिसके मुख्य अतिथि रुपकुमारी चौधरी सांसद, महासमुंद लोकसभा क्षेत्र, अध्यक्षता रोहित साहू विधायक, राजिम विधानसभा क्षेत्र, विशिष्ट अतिथि राजेश साहू अध्यक्ष, भाजपा पार्टी, चन्द्रशेखर साहू जिला पंचायत सदस्य, केशरी ध्रुव जिला पंचायत सदस्य, तोकेश्वरी मांझी अध्यक्ष, जनपद पंचायत छुरा, विशेष अतिथि बोधन साहू भाजपा कार्यकर्ता गरियाबंद एवं आयोजक भारतीय जनता पार्टी पोलिंग बुथ एवं समस्त ग्रामवासी होंगे।

### शिक्षक के घर में घुसा सर्प रेस्क्यू करके निकाला गया



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर दूरसंचार केन्द्र के पास वरिष्ठ शिक्षक मनोहर राजपुत के निवास में गुरूवार को अचानक दोपहर 12 बजे के आसपास विशाल नागराज निकला। जिससे हडकंप मच गई। परिवारजन डर से घबरा गये तत्काल सर्प पकड़ने वाले को फोन कर बुलाया गया और रेस्कयू कर सर्प को पकडा गया। मिली जानकारी के अनुसार शिक्षक मनोहर राजपुत के घर तालाब किनारे और घर में वांसिंग मशीन के साईड में विशाल नागराज डेरा डाला हुआ था अचानक कपड़ा निकालने जब घर के लोग वांसिग मशीन के पास पहुंचे तो विशाल नाग की फुंकार से सभी डर गये और सर्प को निकाला गया।

## मृतक की पत्नी को दी सहायता राशि



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

शासकीय प्राथमिक शाला दादरगांव (नया) विकास खण्ड छुरा में पदस्थ छबिलाल कंवर शाला दादर गांव के एलबी का निधन दिनांक 14 जून को गृह ग्राम सारागांव में हो गया। उनके निधन उपरान्त उनकी धर्मपत्नि केशरी कंवर, को दिनांक 19 जून को उनके निवास पर शासन द्वारा प्राप्त होने वाली अनुग्रह राशि 50 हजार रुपये प्रदाय किया गया। मौके पर विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय विकास खण्ड छुरा के लेखापाल भागवत राम साहू, सहायक ग्रेड-02 दिनेश साहू, सुरेन्द्र कुमार खेलन, प्रेमलाल सिदार, ग्राम पंचायत सारागांव के सरपंच गोकुल राम ध्रुव, संकुल समन्वयक संतराम ध्रुव, शिक्षक संजय दीवान एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## नाबालिग 15 दिनों से लापता रिपोर्ट दर्ज, पतासाजी प्रारंभ

**छूईहा बेलर।** फिंगेश्वर थाना क्षेत्र के अन्तर्गत एक 13 वर्ष की नाबालिग 7 जून से लापता है । उक्त युवती अपने मामा घर से लापता हुई है। प्रार्थी रेवत राम ने इसकी लिखित सूचना फिगेंश्वर थाना को दिया गया। जिस फिगेंश्वर थाना प्रभारी के निर्देश पर विवेचना अधिकारी ने 8 जून को अपराध दर्ज किया गया है। परिजन जहां अपने स्तर पर खोजबीन कर रहा है, वहीं फिंगेश्वर थाना प्रभारी फैजुल शाह के निर्देश पर पुलिस पतासाजी कर रहे हैं। वहीं पटवरी घटनास्थल का नजरी नक्क्षा बनाने प्राथीं के घर मुवायना करने पहुंचे थे। इधर नाबालिग लड़की अब तक सुरक्षित घर वापस नहीं मिलने से परिवार को चिंता सता रही है। प्रार्थी परिजन को क्षेत्र का एक युवक उसी दिन से गायब होने की सूचना मिलने पर सत्यता जानने उसके घर गए तो खबर सही पाई गई। इसके बाद से आरोपी पक्ष की ओर से कुछ लोग प्रार्थी से सौदा बाजी कर मामला को वापस लेने दबबाव कर रहे हैं। कह रहे हैं कि मामला वापस ले लो 50-60 हजार दे देगें। आरोपी युवक इससे पहले दो बार अलग- अलग युवती के साथ ऐसा दुष्कृत्य कर चुका है। जो थाना में अपराध दर्ज है। रेवत राम ने यह भी कहा कि इन सबकी लिखिए जानकारी 18 जून को दूसरी बार दिया गया है। प्राथी ने कहा पुलिस को इतने सब जानकारी देने के बाद भी कार्रवाई में शिथिलता बरत रही है। फिंगेश्वर थाना प्रभारी फैजुल शाह ने कहा कि मामला को आज देखता हूं। उचित कार्रवाई होगी।

## क्रीड़ा भारती का योग प्रशिक्षण...



**राजिम।** गुरूवार को क्रीड़ा भारती द्वारा राजिम के कौशल्या गार्डन में योग प्रमुख चित्रलेखा नागेश द्वारा योग कराया गया और योग से होने वाले लाभ को बताया गया। इस अवसर पर क्रीड़ा भारती जिला अध्यक्ष शरद पारकर, पुरन यादव, रमेश पटेल, सोमनाथ पटेल, कैलाश साहू, प्रेमसिंग नागेश, साधु निषाद, निराली यादव, लिकेश्वरी पारकर, देवकी निषाद, अंजली, इशिता नागेश, अमन नागेश, आलोक सिंह, आयुष सिंह, जया ठाकुर, तनुजा ठाकुर, मनीष पटेल सहित बड़ी संख्या में युवा वर्ग शामिल थे।

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर


ग्राम परसदाकला में 28 वर्षीय युवक ने अपने ही घर में शॉल से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना मे लिया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम परसदाकला मे 19 व 20 जून की बीती रात्रि में 28 वर्षीय युवक तेजराम पिता सोनू निषाद ने अपने ही घर के कमरे मे वेंटिलेशन से शॉल को फंसाकर फांसी लगा लिया। परिजनों ने गुरूवार को की सुबह फिंगेश्वर पुलिस को घटना की जानकारी दी। जानकारी मिलने पर फिंगेश्वर थाना प्रभारी फेजुल होदा शाह के निर्देश पर एस आई चिंताराम देशमुख ने ग्राम पहुंचकर पंचनामा के साथ साथ आवश्यक कार्यवाही कर शव को पीएम के लिए चीरघर भेजा है। जांच एवं विवेचना अधिकारी उपनिरीक्षक चिंताराम देशमुख ने बताया कि आत्महत्या का कारण युवक तेजराम का मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। पुलिस 21 जून को आज शव का पीएम कराकर परिजनों के हवाले करेगा।

### दो लोगों से 13 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** सरायपाली पुलिस ने कल शाम को मुखबिर की सूचना पर ग्राम चकरदा तथा बैधपाली रोड पुल के पास से करीब 13 लीटर देशी महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी कृष्णा गोस्वामी पिता गजेंद्र (22 साल) निवासी चकरदा, अपने घर के पीछे बाड़ी में, अवैध रूप से शराब बिक्री करने के लिए रखा हुआ 6 लीटर महुआ शराब कीमत 1200 रुपए को जब्त कर अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट कायम किया गया। बैधपाली रोड पुल के पास आरोपी मिनी केतन टोप्पो पिता बैशाखू (54 साल) निवासी वार्ड नं. 07 ताजनगर झिलमिला अवैध रूप से शराब बिक्री करने वास्ते रखे मिला जिसके कब्जे से 7 लीटर महुआ शराब कीमती 1400 रुपए को जब्त कर अपराध धारा 34(2) कायम कर रिमांड में जेल भेजा गया है। इसी तरह बसना पुलिस ने मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर ग्राम कपसाखुंटा से करीब 3 लीटर महुआ शराब जब्त किया है।

## जंगलों में अवैध चराई रोकने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डुका



पिछले कई सालों से राजस्थानी, गुजराती भेड़, बकरी चरवाहे जिले के हरे- भरे जंगलों में चराई करवा रहे हैं, जिससे जंगल के छोटे-छोटे पेड़ पौधे तो नष्ट हो रहे हैं। साथ ही जंगली जानवर भी बिदक कर इधर-उधर भाग रहे हैं और इनके आने से स्थानीय किसानों को जंगलों में अपनी पालतू मवेशियों की चारे की समस्या हो जाता है और इनके हजारों मवेशियों के आने से पालतू जानवरों में संक्रमण बीमारी का खतरा भी बढ़ जाता है। इनका यह सिलसिला कई सालों से बे रोक टोक जिले में चल रहा है और इनके पास किसी भी प्रकार की कोई चराई के लिए वैध दस्तावेज नहीं होता और ये चरवाहे प्रतिबंधित वन क्षेत्र में हजारों की संख्या में अपने मवेशी लेकर चराई कराते हैं और ऐसा ही कुछ इस बार फिर देखने को मिलने वाला है बरसात लगने वाली है और बारिश के मौसम में जिले के विभिन्न वन परिक्षेत्र के जंगलों में डेरा डालने वाले है। इस कारण गरियाबंद वन मंडलाअधिकारी वन मंडल गरियाबंद कार्यालय में 19 जून को आवेदन दिया गया कि जिले के समस्त परीक्षेत्र कार्यालय सहित पूरे जिले में इनकी अवैध चराई पर प्रतिबंध लगाया जाए।

### नगर पंचायत के सांस्कृतिक भवन में आज होगा योगा

**फिंगेश्वर।** नगर पंचायत फिंगेश्वर में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगा कार्यक्रम आयोजित किया गया है, जिसमें नगर के नागरिकों को योग करने आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम को लेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी संतोष विश्वकर्मा ने बताया कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने के लिए शासन के आदेशानुसार नगर के वार्ड क्रमांक 13 में सांस्कृतिक भवन मे योग शिविर का आयोजन रखा गया है, जिसमें आमंत्रित नागरिकों के द्वारा योगा कार्यक्रम सुबह 7 बजे किया जाएगा। इस कार्यक्रम को महत्वपूर्ण संदेश है कि करो योग और रहो निरोग। योग करने के लिए लोगों को संदेश देना ही शासन का उदेश्य है। कार्यक्रम में एलईडी प्रोजेक्टर की व्यवस्था के साथ विडियो क्रांफेसिग के माध्यम से जोड़ा जावेगा। जिससे कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सुनिश्चित होगा।

## जिले में 1 करोड़ 5 लाख रूपए से 9 आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

जिले में एक करोड़ पांच लाख 21 हजार रूपये की लागत से 09 आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण किया जायेगा। जिसमें प्रधानमंत्री जनमन योजना अन्तर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गरियाबंद के 02 आंगनबाड़ी भवन उर्तुली नयापारा एवं भेजराडीही उपरपारा तथा मैनपुर के 07 आंगनबाड़ी भवन जिनमें खसेरपारा, छोटेगोबरा, भालुचआ, पानीगांव अन्तर्गत हरिजनपारा, कोतराडोंगरी, कुहीमाल एवं गोलमाल के लिए स्वीकृति लिया गया है। प्रत्येक आंगनबाड़ी भवन के लिए 11 लाख 69 हजार रूपये के लागत से बनाया जायेगा। इस प्रकार कुल 1 करोड़ 5 लाख 21 हजार रूपये की स्वीकृति कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के द्वारा उक्त भवनों की स्वीकृति महिला एवं बाल विकास विभाग को प्रदाय की है। तथा उन्हें आगमी 03 माह के भीतर निर्माण कराने के निर्देश दिये गये। शासन के उक्त निर्णय से जिले के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में लोगों में खुशी का माहौल है।

### तीन नए कानूनों के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम आज

**गरियाबंद।** कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला पंचायत के सभाकक्ष में 21 जून को सुबह 8:30 बजे से 9:30 बजे तक आम जनता के लिए नवीन कानूनों के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम रखा गया है। तीन नवीन कानूनों के प्रभावशील क्रियान्वयन के लिए शासन द्वारा आधारभूत संरचना एवं प्रभावी कार्य दल उपलब्ध कराये जाने के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। जिसमें वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जिला लोक अभियोजन अधिकारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जनसम्पर्क अधिकारी, सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला फारेंसिक विशेषज्ञ, एनआईसी एवं चिप्स, जिला अधिकारी बीएसएनएल, जिला जेल अधीक्षक सदस्य है।

## प्री मानसून ने लोगों को दिलाई गर्मी से राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

- क्षेत्र में कई हिस्सों में गरज चमक के साथ बारिश

गुरूवार दोपहार 12 बजे हुई बूंदाबादी से भीषण गर्मी से थोडी राहत मिली है। गुरूवार को दोपहर 12 बजे क्षेत्र में मौसम ने अचानक करवट बदली। सुबह तेज धूप के बाद अचानक आसमान में बादल छा गए और क्षेत्र में कई हिस्सों में गरज चमक के साथ बारिश हुई। आज 21 जून से क्षेत्र में अधिकतम तापमान में 2-3 डिग्री तक की गिरावट होने की सभावना हैं। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश सहित जिले में प्री मानसून का आगमन हो चुका है। प्री मानसून की दस्तक के साथ ही अब क ई क्षेत्रों में लगातार बारिश होने की उम्मीद लगाई जा रही है। क्षेत्र के किसान प्रकृति के भरोसे खेती करते है, इसलिए एक अच्छी बारिश के इंतजार कर रहे हैं। एक दो किसान खुर्रा बोनी कर चुके हैं। मगर पानी कम गिरने से बीज खराब होने का डर हैं। साधन सम्मपन किसान मोटर पंप के द्वारा अपने खेतों में रोपाई के लिए बीज डाल रहे है। बिना साधन वाले कृषक बारिश का राह देख रहे हैं। मालूम हो कि रसेला में जब बारिश हो रहा था तो 10 किलो मीटर दूर पर एक बूद भी पानी नहीं गिर रहा था, प्री मानसून जहां मौसम बन रहा है वही बारिश हो रही हैं। कई गावों में अभी भी भीषण गर्मी से लोग परेशान हैं।




शरद कम्प्यूटर एजुकेशन
• DCA • PGDCA • TALLY PRIME
• ERP9 With GST Taxation • Ms Office
• फोटोशॉप • पेजमेकर • कोरल • सिलाई एवं ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण
Skill Training Partner
शरद कम्प्यूटर एजुकेशन राजिम
पता: रानी धर्मशाला परिसर राजिम
शरद पारकर मो. 98261-96073



पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप

### किसानों को होगा दोहरा लाभ : साहू

**छुईहा बेलर।** प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी ने अपने तीसरे कार्यकाल की शुरुआत किसानों के हितों में बड़ा ऐलान कर किया है। केंद्र सरकार ने बुधवार को 14 खरीफ फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी में बढ़ोतरी को मंजूरी दी। धान की एमएसपी 117 रुपए



बढ़ाकर 2300 रुपए प्रति क्विंटल की गई है। वहीं केंद्र सरकार के इस फैसला का सबसे ज्यादा लाभ छत्तीसगढ़ के किसानों को होगा। क्योंकि प्रदेश में हर साल सरकार रिकॉर्ड धान की खरीदी करती है। किसान भाजपा नेता रामजी साहू सरपंच बोडकी ने कहा धान की एमएसपी में 117 की वृद्धि कर प्रति क्विंटल 2300 रुपए किया जाना किसानों की प्रगति के क्षेत्र में एक बड़ा फैसला है। प्रदेश के मुख्यामंत्री विष्णुदेव साय पहले ही 31 सौ रूपया प्रति क्विंटल दिया जा रहा है। निश्चित ही यहां के किसानों को इससे दोहरा लाभ होगा। इससे किसानों को बड़ी आर्थिक मदद मिलेगी और उनके जीवन का एक नया अध्याय आरंभ होगा। प्रधानमंत्री मोदी की यह पहल जनकल्याण की भावना से किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाली सिद्ध होगी। वो जो गारंटी देते है पूरा करते हैं। आने वाले समय में उम्मीद है कि किसान हित में और फैसले हो सकते हैं।

### आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए राशि स्वीकृत

**गरियाबंद।** मैनपुर विकासखंड के ग्राम शोभा क्षेत्र अन्तर्गत आम जन सुविधा न मिलने के कारण लोकसभा निर्वाचन 2024 का बहिष्कार किया जा रहा था। इस पर कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने ग्रामीणों को चुनाव उपरांत निर्माण कार्य कराने के लिए भरोसा दिलाया था। कलेक्टर के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग तथा अन्य विभाग के अधिकारियों ने आसपास के ग्रामजनों से बैठक लिया गया था। उनके मांग के अनुरूप 19 जून को 3 आंगनबाड़ी भवन निर्माण कराये जाने की प्रशासकीय स्वीकृत परियोजना- मैनपुर के ग्राम-भूतबेड़ा, खासरपानी एवं कोकड़ी में नया आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य कराये जाने के लिए जिला पचांयत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के द्वारा 11 लाख 69 हजार रूपये, जिसमें से 08 लाख मनरेगा मद से 2 लाख महिला एवं बाल विकास विभाग एवं 1 लाख 69 हजार रूपये ग्राम पंचायत के 15वें वित्त की राशि से मिलाकर भवन का निर्माण कार्य करने हेतु स्वीकृति दी गई। उक्त निर्माण कार्यो के लिए ग्राम पंचायत को निर्माण एंजेसी बनाया गया है।

### पीएम मोदी किसानों के लिए कर रहे काम : साहू

**नवापारा-राजिम।** पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में वर्ष 2024-25



के लिए धान सहित 14 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी को मंजूरी दी है । इसमें धान का समर्थन मूल्य 117 रुपए बढ़ाकर 2300 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया गया है । कहा कि किसान, युवा, गरीब और नारी का विकास हमेशा से प्रधानमंत्री मोदी की प्राथमिकता में रहा है। अपने तीसरी पारी की शुरूआत भी प्रधानमंत्री मोदी ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना की फाइल पर हस्ताक्षर कर की है, जिसके तहत मंगलवार को देश के 9 करोड़ 26 लाख किसानों को 20, 000 करोड रुपए की राशि अंतरित की गई है ।

## निधन

### श्याम लाल नंदे

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम मड़ेली निवासी श्याम लाल नंदे का निधन



गुरूवार को हो गया। वे मड़ेली स्थित प्रसिद्ध सिद्ध बाबा धाम के पुजारी थे। उनके अंतिम संस्कार गृह ग्राम में किया गया। उनके अंतिम संस्कार में ग्रामवासी व परिजन बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## विडंबना : सप्ताहभर पूर्व होनी थी मरम्मत, अभी प्रारंभ नहीं हुआ

# टपकती छत और दीवारों से रिसते पानी बदहाल भवनों में होगी पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत स्कूलों को मरम्मत के साथ सौंदर्यकरण का कार्य भी किया जा रहा है। जिन कार्यों को स्कूल सप्ताह के पहले पूरा हो जाना था अब तक वह प्रारंभ अभी नहीं हुआ है इससे पता चलता है कि शासन के उद्देश्यों को ठेकेदार अधिकारी किस प्रकार चूना लगाते हैं और छवि जो शासन की खराब होती है, मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत राशि जारी किया गया है जो स्कूल के सौंदरीकरण के साथ मरम्मत का कार्य होना है किंतु कई जगहों पर यह कार्य अब तक प्रारंभ नहीं हुआ है और जहां प्रारंभ हुआ है वहां अधूरा पड़ा हुआ है। इससे पता चलता है कि शिक्षा सत्र को लेकर अधिकारी कितना गंभीर है।

■ नहीं हुआ शेड निर्माण का कार्य प्रारंभ

हायर सेकेंडरी स्कूल कोसमी में जो अपने निर्माण के समय से काफी गड़बड़ी की शिकायत को लेकर लगातार चर्चा में रहा अब जाकर देखने पर पता चलता है कि पूरा स्कूल जर्जर दिखने लग रहा है, इसके पूर्व ही यहां की कक्षा में छत का प्लास्टर गिरने की शिकायत हो गई है। इस पर प्राचार्य द्वारा मरम्मत किया जा चुका है, अब यहां लगभग 15 लाख से ऊपर दरवाजा, टाइल्स एवं छत के ऊपर टीन शेड बनाने हेतु ठेका हुआ है, लेकिन अब तक एक भी कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है।





### टाइल्स लगने के बाद दिखेगा अलग ही स्वरूप

स्कूल के दीवाल कमजोर होने की वजह से इसके ऊपर छत बनाने के बजाय इसके ऊपर टीन का शेड़ बनाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है ताकि पानी टीन से बाहर हो जाए और छात्र दीवार रिसने जैसी समस्या से मुक्त हो, साथ ही साथ पुराने दरवाजे और टाइल्स भी लग जाने से स्कूल का अलग ही स्वरूप देखने लगेगा। लेकिन ठेकेदार द्वारा अब तक कार्य प्रारंभ नहीं होने से बच्चों को रिसते हुए दीवार और टपकती हुए छत के साथ पढ़ाई करनी पड़ेगी। यहां पर 9वीं से 12वीं तक के लगभग 200 छात्र अध्यनरत है, जिनको लगा था की राशि स्वीकृत होने के बाद स्कूली सत्र समाप्त हुआ तो नए सत्र में स्कूल का कुछ नया स्वरूप होगा लेकिन ठेकेदार ने उसकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

### 2 माह लगेगा

हायर सेकेंडरी स्कूल के लिए राशि पर स्वीकृत हुई है, और ठेकेदार कार्य भी लिया है। लेकिन अभी तक कोई भी कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है कार्य करने में लगभग 2 माह का समय लगेगा।

-प्रियेश वर्मा, इंजीनियर



# कलेक्टर दीपक को प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र की समस्याओं से कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

राजपडाव गौरगांव क्षेत्र के लोगों ने मूलभूत समस्याओं को लेकर आदोलन करने की चेतावनी दिया था जिसके बाद प्रशासन हरकत में आया और बुधवार को एसडीएम मैनपुर डॉक्टर तुलसीदास मरकाम के साथ स्थानीय अधिकारियों के दल शोभा में जाकर ग्रामीणों से चर्चा किया तथा सभी समस्याओं के समाधान का आश्वासन देते हुए आंदोलन स्थित करने की अपील की गई और गुरूवार को राजपडाव गौरगांव क्षेत्र के ग्रामीणों व मुखिया लोगों का प्रतिनिधि मंडल एसडीएम मैनपुर के साथ गरियाबंद कलेक्टर दीपक अग्रवाल से मुलाकात किये। इस दौरान कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने क्षेत्र में बिजली, सडक, पुल, पुलिया जर्जर स्कूल भवन, आंगनबाडी भवन पेयजल सहित सभी मूलभूत समस्याओं का जल्द समाधान करने की बात कही है वही क्षेत्र के ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांग किया है कि क्षेत्र में बिजली स्वास्थ्य, शिक्षा, पुल- पुलिया नहीं होने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी हो रही है। इस मौके पर प्रमुख रूप से जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम, पूरन मेश्राम, दैनिक राम मंडावी, गोना के सरपंच सुनील मरकाम, भुतबेडा के सरपंच अजय नेताम, दीनांचद मरकाम, कोकडी के सरपंच सखाराम मरकाम व क्षेत्र के प्रतिनिधि मंडल शामिल हुए और कलेक्टर दीपक अग्रवाल को मांगपत्र सौंपकर समस्या समाधान करने की मांग किया है।

# योग दिवस आज, विधायक साहू और नपाअध्यक्ष होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम





नगर पंचायत राजिम द्वारा आज 21 जून शुक्रवार को मंगल भवन में विधायक रोहित साहू के मुख्य आतिथ्य एवं नगर पंचायत राजिम के अध्यक्ष रेखा-जितेंद्र सोनकर की मौजूदगी में योग दिवस का आयोजन सुबह 7 से 8 बजे तक होगा। इस आयोजन में शहरवासियों को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह सीएमओ द्वारा किया गया हैं। मालूम हो कि छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य पर जिला मुख्यालयों में भव्य कार्यक्रम आयोजित करने हेतु आदेश जारी किया गया हैं। जिला मुख्यालय के अतिरिक्त सभी निकायो में निकाय स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन निकाय स्तर पर किया जा रहा है। शासन के आदेशानुसार दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में सामूहिक योग अभ्यास का आयोजन नगर पंचायत राजिम द्वारा कार्यालय प्रांगण में स्थित मंगल भवन में किया जावेगा। जिसमें खंड स्तर के समस्त अधिकारी/कर्मचारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। कार्यक्रम में स्वच्छ भारत मिशन से संबंधित स्व- सहायता समूह स्वच्छता दीदीयों/महिलाओं व सफाई कामगारो सहित अधिकारी व कर्मचारी, सम्माननीय जन प्रतिनिधियों तथा नगर पंचायत राजिम के अध्यक्ष रेखा-जितेन्द्र सोनकर एवं समस्त पार्षद योग अभ्यास करके स्वच्छता को अपने जीवन में उतारने के साथ-साथ सेहतमंद जीवन के लिए योगा करने का संदेश दिया जावेगा।

# धान बोआई के साथ किसानी का कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम



बुधवार की शाम हुई मानसूनी बारिश के दूसरे ही दिन खुर्री बोनी कर खरीफ फसल की तैयारी में किसान लग गए। खेतो में कहीं ट्रेक्टर से तो कहीं नांगर बैल से बोनी शुरू हो गया। राजिम के किसान प्रकाश वर्मा ने बताया कि एक फसली खेतों में पहले से ही अकरस जोताई कर लिए थे अब एक बार और ट्रैक्टर से जुताई करते हुए खेतों में बीज डाल रहे हैं। मौसम विभाग द्वारा जोरदार बारिश की संभावना बताई जा रही हैं लिहाजा किसान पूरे उत्साह के साथ खरीफ फसल के लिए जुट गए हैं। लाइचोपी पद्धति से बोने वाले किसान खेतों में पानी पलाना शुरू कर दिए हैं ,वहीं रोपाई करने वाले किसान अपन खेतों में थरहा डाल चुके हैं जो 5 से 10 जुलाई के बीच में रोपा लगाना शुरू हो जाएगा। अधिकांश गांवो में खुर्रा बोनी लगभग शुरू हो गई है। ग्राम बकली के किसान ओमप्रकाश साहू ने बताया कि प्रारंभिक चरण में खेतो की साफ-सफाई कर किसान खरीफ फसल की बुआई शुरू कर दिए है। बताया कि अच्छी पैदावार के लिए हाईब्रिड धान सरना, महामाया, एक हजार दस जैसे धान बीजों की मांग अधिक हो रही है। इस क्षेत्र में किसान अपने खेतों में गोबर खाद भी डालना शुरू कर दिया है। किसानों ने सोसायटी से मिलने वाले बिना ब्याज के नगद राशि और खाद में डीएपी, यूरिया, पोटाश, सुपर फास्फेट के साथ धान बीज का उठाव भी करने लगे है। किसान प्रमोद साहू ,लोकेश साहू, तुलसी साहू, भारत यादव, उमेन्द्र साहू, ताराचंद दिवाकर ने बताया कि मानसूनी बारिश के पहुंचते ही एक तरफ वातावरण जहां ठंडक हुआ हैं वहीं इसी के साथ किसान खरीफ फसल की तैयारी में जीजान से जुट गए हैं। अब पूरे चार महिने किसान खेतो में ही नजर आएंगे। खेत गुलजार रहेगा। बासी रोटी वहीं खाएंगे। सुबह से शाम तक अड़े रहेंगे।



# सिकलसेल अनुवांशिक रोग पर जागरूकता लाने में दें योगदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम



### विश्व सिकलसेल दिवस पर जागरूकता सेमीनार

विश्व सिकलसेल दिवस के अवसर पर राजिम मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद विधायक रोहित साहू ने कहा कि सिकलसेल रोग के लक्षण, जांच एवं उपचार के लिए भारत सरकार के निर्देश अनुसार देश के 17 राज्यों सहित 340 जिलों में एक साथ सिकल सेल दिवस मनाया गया। कहा कि यह कार्यक्रम भारत सरकार के सभी नागरिकों के स्वास्थ्य के हित को ध्यान में रखते हुए एवं स्वस्थ्य राष्ट्र की स्थापना के कल्पना को पूरा करने के लिए आयोजित किया जा रहा है। अतएव सिकलसेल अनुवांशिक रोग पर जागरूकता लाने में योगदान दे। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता गौरीशंकर श्रीवास ने कहा कि वास्तविक में आज की स्थिति में छत्तीसगढ़ राज्य इस सिकलसेल बीमारी से बहुत ज्यादा ग्रसित है हमें इसके बचाव के सभी उपाय अपनाना चाहिए। सिकल सेल एक अनुवांशिक बीमारी है इसके लिए स्वास्थ्य विभाग,महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम सिकलसेल से ग्रसित परिवार की पहचान कर उन्हें जागरूक कर चिकित्सालय जांच एवं उपचार के लिए प्रेरित करें। सरकार सभी वर्गों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए कार्य कर रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गार्गी यदु ने कहा कि सिकलसेल की जांच एवं उपचार जिले के सभी स्वास्थ्य केद्रो में निशुल्क किया जा रहा है इसके अलावा सभी पंचायत में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कहा कि हीमोग्लोबिन हमारे शरीर में सभी कोशिकाओं तक पर्याप्त ऑक्सीजन पहुंचाने का काम करता है,लेकिन सिकलसेल से ग्रसित लोगो के शरीर में यह काम बाधित हो जाता है। यह एक अनुवांशिक रोग है,विवाह से पहले खून में सिकलसेल (सिकलिंग) की जांच अवश्य कराए। कार्यक्रम में एलईडी के माध्यम से उपस्थित सभी लोगों को सिकलसेल से होने वाली नुकसान, रोगियों की पहचान, सिकलसेल से बचाव कैसे की जा सकती है इसके बारे में बहुत विस्तार से दिखाया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा-जितेंद्र सोनकर, जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू,सेवानिवृत्त रेंज ऑफिसर लखन लाल सिन्हा, भाजपा मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा, महेश यादव, किशोर साहू, जनपद सदस्य दीपक साहू, डॉक्टर महेंद्र साहू, पुष्पा गोस्वामी, पूर्णिमा चंद्राकर, देवकी साहू, मधु नत्थानी, खुशी साहू मितानिन उमा साहू, डॉक्टर पूर्वी अग्रवाल, आयुष मित्तल, डॉक्टर स्वरूप भोई, डॉक्टर रूचि-हर्षद रूपरेला के अलावा कई लोग मौजूद थे।

# मछली पालन के लिए नहीं मिल रहा गांव का तालाब, ग्रामीणों ने कलेक्टर से लगाई गुहार

### कलेक्टर जनदर्शन में पहुंचे समिति के सदस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डुका



समीप ग्राम पंचायत रजनकटा के शिव शक्ति मत्स्य सहकारी समिति के सदस्यों ने मंगलवार जन दर्शन में कलेक्टर को आवेदन दिया जिसमे उन्होंने कहा कि हमें हमारे गांव के चूलमाती तालाब को मछली पालन के लिए दिया जाए समिति के सदस्यों ने बताया कि लगभग 1 वर्षों से हम लोग ग्राम पंचायत रजनकटा तालाब को मछली पालन के लिए मांग रहे हैं जिससे हम मछुआरा समिति के सदस्यों का जिविकोपार्जन हो सके पर ग्राम पंचायत द्वारा नहीं दिया गया। वही इस बारे में मत्स्य विभाग में भी कई बार आवेदन कर चुके हैं और पिछले 1 साल से हम लोग पंजीकृत समिति होने के बावजूद कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं गांव में तीन तालाब है जिसमें एक तालाब हम लोग को मिला है और दो तालाब है उसमें से एक तालाब गांव के व्यक्ति को व्यक्तिगत रूप से दो वर्षों के लिए मछली पालन के लिए दे दिया गया है जिसकी जानकारी पंचायत में पूछे जाने पर जानकारी नहीं होने की बात कहते हैं। गांव के तालाब को हमें मछली पालन के लिए दिया जाए इस लिए हम लोग कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन किए हैं। ग्राम के शिव शक्ति मत्स्य सहकारी समिति रजनकटा के अध्यक्ष अंकल राम निषाद सचिव पूरन लाल निषाद सोहन लाल निषाद, राजेश निषाद, गुलशन निषाद आदि पहुंचे थे।

## बुनियादी साक्षरता प्रशिक्षण का हुआ आगाज

# बच्चों को कुशल बनाने का लक्ष्य हासिल करना आवश्यक : मतावले

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा



जोन स्तरीय एफएलएन प्रशिक्षण के तृतीय चरण का शुभारंभ हुआ। विकासखंड शिक्षा अधिकारी केएल मतावले एवं बीआरसी हरीश देवांगन ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना किया। समन्वयक शंकर लाल यदु ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। पश्चात विकासखंड शिक्षा अधिकारी मतावले ने बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु बच्चों में बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान को 2027 के पूर्व शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने को कहा। ताकि बच्चे 21वीं सदी के कौशल को प्राप्त कर सके। बीआरसी हरीश देवांगन ने प्रशिक्षार्थियों को चार दिवस तक पूरे समय प्रशिक्षण में उपस्थित रहकर प्रशिक्षण की बारीकियों को सीखकर शत प्रतिशत अपने स्कूल में लागू करने को कहा। प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में मास्टर ट्रेनर मनहरण यादव ने एनईपी 2020, एनसीई एफएस 2022 पर आधारित एफएलएन में कक्षा पहली से तीसरी तक के प्रत्येक बच्चों को 2027 के पूर्व दक्ष बनाने के गुर सिखाए। उन्होंने बुनियादी साक्षरता हेतु स्थानीय भाषा बोली को प्राथमिकता देने को कहा ताकि बच्चों को सीखने में अपने घर जैसा खुशनुमा माहौल मिल सके। मास्टर ट्रेनर चुन्नीलाल सोनवानी ने हिंदी भाषा में शिक्षण के चार ब्लाकों, शिक्षक संदर्शीका, अभ्यास पुस्तिका एवं पाठ्य पुस्तक के समन्वय के बारीकियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से स्पष्ट किया तथा पूरे शिक्षकों को छः ग्रुप में विभाजित कर प्रत्येक ग्रुप से दैनिक पाठ योजना बनाकर प्रस्तुतीकरण कराया जो काफी रोचक रहा। संकुल समन्वयक शंकर लाल यदु ने नवाचारी गतिविधियों के माध्यम से विषय वस्तु को रुचिकर बनाने हेतु प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर चुन्नीलाल सोनवानी, मनहरण लाल यदु, प्रेमनारायण ध्रुव, समन्वयक गोवर्धन यदु, संतराम कंवर, पंकज साहू, खोरबाहरा निषाद, योगेन्द्र साहू, तिलक ढीढी, प्रधानपाठक नरेश्वर यादव, वेदराम पटेल, भुवनेश्वरी पटेल, तारिणी शर्मा, परमानंद ठाकुर सहित 74 प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

